## गीडा में 1000 एकड़ लैंड बैंक में उद्योग स्थापना की संभावनाओं को बजट से लगे पंख

# सरकार की गारंटी से नए उद्योगों की स्थापना का खुलेगा रास्ता

**आम बजट**



गीडा में स्थापित फैक्ट्री

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को संसद में पेश बजट में नए उद्योगों को लेकर सरकार जिस तरह खुद गारंटी बन खड़ी दिख रही है, उससे नई यूनिटों की संभावनाओं को पंख लग गए हैं। यूनिट लगाने की कवायद में जुटे नए निवेशकों को बैंक से ऋण मिलना आसान हो गया है। यहीं नहीं नए आइडिया के साथ उद्योग लगाने वालों को स्टार्टअप योजना में अब 20 करोड़ रुपये तक का ऋण मिल सकेगा।

लघु और सूक्ष्म उद्योगों को लेकर सरकार की तरफ से शुरू की गई फंड क्रेडिट गारंटी स्कीम में नए निवेशकों को सिर्फ 0.25 सालाना शुल्क देकर 10 करोड़ तक का ऋण बिना गारंटी में मिलेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार खुद निवेशक के ऋण की गारंटी ले रही है। चैंबर ऑफ कामर्स के उपाध्यक्ष प्रवीण मोदी का कहना है कि इस योजना से पढ़े लिखे होनहारों को निवेशक बनने में आसानी होगी। स्टार्टअप से 200 करोड़ की यूनिट खड़ी करने वाले स्वप्निल श्रीवास्तव का कहना है कि स्टार्टअप योजना में अब युवाओं को फंड की दिक्कत नहीं होगी। इसके साथ ही छोटे कारोबारियों को 5 लाख रुपये तक क्रेडिट कार्ड का भी सीधा असर कारोबार पर दिखेगा। महिला उद्यमी संगीता पांडेय का कहना है कि पहली बार उद्योग लगाने वाली महिलाओं के साथ ही एसएसी/एसटी महिलाओं को दो करोड़ रुपये का ऋण उद्योग जगत के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष विष्णु अजीतसरिया का कहना है कि माइक्रो उद्योग की परिभाषा बदल दी गई है। अब 2.5 करोड़ रुपये तक के निवेश को माइक्रो की श्रेणी में रखा जाएगा। इससे केन्द्र सरकार की माइक्रो इंडस्ट्री को मदद का लाभ 2.5 करोड़ रुपये तक की मशीन खरीद पर मिलेगी।

### उद्यमियों की राय



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए भी कई सौगातें दी गई हैं। सीजीटीएमएस स्कीम के तहत फाइनेंस की लिमिट को 5 करोड़ से 10 करोड़ कर दिया गया है। कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योगों की परिभाषा बदल दी गई है।

-आरएन सिंह, अध्यक्ष, चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज



गीडा के पास 1000 एकड़ का पर्याप्त लैंड बैंक है। तमाम युवा निवेश करना चाहते हैं, लेकिन बैंकों में गारंटी की शर्तो से फंड की दिक्कत होती है। अब सरकार खुद फंड की गारंटी ले रही है। इससे निवेश करने वाले युवाओं को बड़ा लाभ मिलेगा। इसका असर आने वाले वित्तीय वर्ष में देखने को मिलेगा।

-मनीष राय, युवा उद्यमी